आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 15.05.2024

मुख्य समाचारः—

1— माओवादियों ने बीजापुर जिले में थाना प्रभारी के वाहन को निशाना बनाते हुए किया विस्फोट—थाना प्रभारी सुरक्षित।

2— साइबर अपराधियों द्वारा ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट की धमकी की बढ़ती घटनाओं के बीच केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकों से सावधान रहने को कहा।

3— छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों और जिला कलेक्टरों को आदेश जारी कर बंद योजनाओं की अवशेष राशि की जानकारी मांगी।

4— छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् और राज्य ओपन स्कूल ने परीक्षा परिणाम घोषित किए।

माओवादी विस्फोट

बीजापुर जिले में माओवादियों ने आज थाना प्रभारी के वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट किया। इस विस्फोट में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन थाना प्रभारी और वाहन में सवार एक अन्य पुलिसकर्मी पूरी तरह से सुरक्षित है।

मिली जानकारी के अनुसार फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह प्रधान आरक्षक संजय के साथ अपने वाहन से जिला मुख्यालय बीजापुर जा रहे थे। तभी सोमनपल्ली और रानीबोदली के बीच गन्नम नाले के पास माओवादियों ने उनके वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट किया।

फरसेगढ़ के एसडीओपी दिनेश कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

उधर, दंतेवाड़ा जिले में डीआरजी और सीआरपीएफ की टीम ने पांच माओवादियों को गिरफ़्तार किया है। इनमें से एक माओवादी पर इनाम घोषित था। ये सभी माओवादी अरनपुर इलाक़े में सक्रिय थे।

इस बीच, नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने सर्चिंग के दौरान पांच किलो का एक आईईडी बरामद किया है, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

हत्या—आरोपी गिरफ्तार

नारायणपुर जिले में परिवहन संघ के सचिव और कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी की हत्या के आरोपी दुर्ग में छिपे हुए हैं। नारायणपुर और दुर्ग पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ा। अब तक इस मामले में अलग अलग जिलों से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पकड़े गए तीनों आरोपी हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई के रहने वाले हैं। हत्या का मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

माओवादी आत्मसमर्पण—मुख्यमंत्री

बीजापुर जिले में तीस माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनरुत्थान के लिए कार्य करने की बात कही है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा है कि — अत्यंत हर्ष का विषय है कि माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण और

पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बीजापुर के 30 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इनमें कई इनामी माओवादी शामिल हैं।

इन माओवादियों ने कल आत्समर्पण किया था। आत्मसमर्पण करने वाले नौ माओवादियों पर लगभग उनतालीस लाख रूपए का इनाम घोषित था।

गृह मंत्रालय–अलर्ट

साइबर अपराधियों द्वारा ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट की धमकी की बढ़ती घटनाओं के बीच केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकों से सावधान रहने को कहा है। इसके साथ ही दूरसंचार विभाग ने सरकारी अधिकारियों का छद्म रूप धारण कर लोगों को ठगने वाले विदेशी मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल के बारे में भी परामर्श जारी किया है। लोगों को साइबर–अपराध हेल्पलाइन नंबर एक नौ तीन शून्य पर ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करने को भी कहा गया है।

पुलिस महानिरीक्षक–गूगल पत्र

दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने गूगल के नोडल अधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें गूगल सर्च पेजों पर प्रदर्शित फर्जी कस्टमर केयर नंबरों के कारण हो रही धोखाधड़ी की गतिविधियों को रोकने और आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में कहा गया है।

पत्र में कहा गया है कि सायबर ठग गूगल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य आवश्यक सेवाओं के कस्टमर केयर नंबरों को अपडेट करने के नाम पर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होंने गूगल से इस प्रकार की धोखाधड़ी से लोगों को बचाने के लिए गंभीरता पूर्वक उपाय करने को कहा है। साथ ही पुलिस महानिरीक्षक ने आम जनता से बढ़ते सायबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने के लिए 'साइबर प्रहरी' अभियान से जुड़ने की अपील की है।

होर्डिंग्स संचालक–बैठक

रायपुर नगर निगम के आयुक्त अविनाश मिश्रा ने शहर में सुरक्षित ढंग से होर्डिंग्स लगाए जाने को लेकर विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों और नगर निगम के अधिकारियों की कल बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि मुंबई जैसा हादसा रायपुर में न हो, यह विज्ञापन एजेंसियां सुनिश्चित करें। बैठक में विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों और प्रतिनिधियों को होर्डिंग्स की ढांचागत जांच कराकर एक सप्ताह के भीतर जांच से संबंधित प्रमाण पत्र नगर निगम के नगर निवेश विभाग को सौंपने को कहा गया है। उन्होंने होर्डिंग्स गिरने या किसी भी तरह की दुर्घटना से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने को भी कहा।

वित्त विभाग–अवशेष राशि

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों और जिला कलेक्टरों को आदेश जारी कर बंद योजनाओं की अवशेष राशि की जानकारी मांगी है। जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में संचालित लेकिन वर्तमान में बंद विभिन्न योजनाओं के लिये प्राप्त राशि के विरूद्ध खर्च नहीं की जा सकी राशि बैंक खातों में शेष उपलब्ध है और उनका संधारण अभी भी राज्य और मैदानी कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है। वित्त विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वर्तमान में बंद योजनाओं के विरूद्ध बैंक खातों में शेष बची राशि राज्य शासन के खाते में जमा करते हुए उसकी जानकारी संबंधित विभागाध्यक्ष और वित्त विभाग को दी जाए।

संस्कृत विद्यामण्डलम्/ओपन स्कूल–परिणाम

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् ने दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। सचिव अलका दानी ने आज ये परिणाम घोषित किए। परीक्षा परिणाम छियानवे दशमलव तीन–पांच प्रतिशत रहा है।

कक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम अंठानवे दशमलव चार–आठ प्रतिशत रहा। वहीं, कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष का परिणाम अंठानवे दशमलव चार–तीन प्रतिशत रहा।

वहीं, छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल का भी इस वर्ष का मुख्य परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में चौव्वन दशमलव तीन–नौ प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इसके साथ ही हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा का भी परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा में कुल छियासठ प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

सुरक्षा बल–नवीन कैम्प

प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार नये कैम्प खोले जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नारायणपुर जिले के मोहंदी गांव में नया कैम्प खोला गया। वहीं, महाराष्ट्र सीमा से लगे मोहला–मानपुर जिला के संबलपुर गांव में भी जिला पुलिस ने नये पुलिस कैंप की स्थापना की है। इन कैम्पों के खुलने से इन क्षेत्रों में विकास और नक्सल उन्मूलन अभियान में तेजी आएगी। साथ ही क्षेत्र में सड़क, पानी, पुल–पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

इस बीच, मोहला–मानपुर जिले के बुकमरका गांव में आज आईटीबीपी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। उन्होंने यहां रह रहे आदिवासीजनों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके निदान का भरोसा दिलाया।

वजन तिहार

प्रदेश में बच्चों के सुपोषण की जांच के लिए वजन तिहार मनाया जा रहा है। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और उसके आंकलन के लिए बाईस मई तक प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन तिहार मनाया जाएगा।

राजनांदगांव जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वजन त्यौहार के पहले दिन राजनांदगांव शहर के शंकरपुर वार्ड, कन्हारपुरी और ग्राम सुंदरा के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। वहां कलेक्टर ने स्वयं बच्चों का वजन और ऊंचाई नापी। उन्होंने बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया।

चोरी घटना–परामर्श

आसपास के इलाकों में बढ़ती चोरी की घटनाओं के मद्देनजर सक्ती पुलिस ने लोगों के लिए चोरों से सतर्क रहने के लिए परामर्श जारी किया है, जिसमें पुलिस ने लोगों को चोरों से सावधान रहने की हिदायत दी है। सात बिन्दुओं के एडवाइजरी में बताया गया है कि चोरों का गिरोह पड़ोसी जिले में सक्रिय है और वे हाइवे, रेलवे लाइन के आसपास स्थित घरों और सूने मकानों को निशाना बना रहे हैं।

पुलिस ने लोगों से कहा है कि यदि उनके घर के आसपास कुछ अनजान व्यक्ति घूम रहे हो, तो उनकी फोटो लेकर कंट्रोल रूम को सूचना दें।

भालू हमला—मौत

रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र में भालू के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक सामहरसिंघा बीट में पदस्थ फोरेस्ट गार्ड की बुजुर्ग मां आज सुबह बोजिया के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। तभी उस पर भालू ने हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

संक्षिप्त समाचार

— बेमेतरा जिले के ग्राम भैंसा में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये दोनों बच्चे नहाने के लिए तालाब गए थे।

— दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र में रील बनाने के दौरान ऊंचाई से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह युवक एक निजी कंपनी में हेल्पर के रूप में कार्यरत् था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

— गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही जिले में पुलिस ने आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

— मनेन्द्रगढ़—चिरमिरी—भरतपुर जिले में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास तेज रफ्तार दो मोटर साइकिलों के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>